कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर राजस्थान

क्रमांक शिविरा/माध्य/मा–स/चित्रकला प्रति/2018 दिनांक 23.04.21 / 1-05-2021

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन
जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।

विषय:–	राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वी जयन्ती वर्ष एवं स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑनलाइन स्लोगन, चित्रकला तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता बाबत

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वें जयन्ती वर्ष एवं स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर ऑनलाइन चित्रकला तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस हेतु अपने जिला क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु निम्नांकितानुसार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें:–

प्रतियोगिता	वर्ग	कक्षा वर्ग	विषय
स्लोगन प्रतियोगिता	जूनियर वर्ग	कक्षा 1 से 8	कोरोना को हराना है।
	सीनियर वर्ग	कक्षा 9 से 12	(दो से चार लाइनों का स्लोगन, दोहा आदि)
चित्रकला प्रतियोगिता	जूनियर वर्ग	कक्षा 1 से 8	स्वयं बचें, अपनों को बचायें–कोरोना मुक्त राजस्थान बनाएं।
	सीनियर वर्ग	कक्षा 9 से 12	(ए–4 कागज पर चित्र बना, पीडीएफ फॉरमेट में ऑनलाइन भेजना है।)
निबन्ध प्रतियोगिता	जूनियर वर्ग	कक्षा 1 से 8	अपनों को जगाना है, कोरोना से बचाना है।
	सीनियर वर्ग	कक्षा 9 से 12	(जूनियर वर्ग के लिए शब्द सीमा 150 एवं सीनियर वर्ग हेतु 200 शब्द)

- सभी सीडीईओ/सीबीईओ, प्रतियोगिता के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराने/प्रचार–करने एवं विद्यार्थियों को घर से ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु निर्देश जारी करेंगे। विद्यालय से जिला स्तर पर प्रविष्टि भेजने हेतु प्रत्येक सीडीईओ **पृथक से निर्धारित ई–मेल का पता उपलब्ध कराएंगे** ।
- प्रत्येक स्लोगन/निबन्ध/चित्र के अंत में क्रमशः वर्ग (जूनियर/सीनियर), विद्यार्थी का नाम, कक्षा, विद्यालय का नाम, ब्लॉक तथा जिला आवश्यक रूप से अंकित होना सुनिश्चित करेंगे।
- समस्त पीईईओ अपने क्षेत्राधिकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों से उक्त प्रतियोगिता हेतु व्हाटस एप के माध्यम से स्लोगन/निबन्ध/चित्र प्राप्त करेंगे तथा प्रत्येक वर्ग में तीन–तीन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन कर संबंधित सीडीईओ को उनके द्वारा निर्धारित ई–मेल पर प्रेषित करेंगे।
- इसी प्रकार गैर–सरकारी विद्यालय अपने विद्यार्थियों से व्हाटस एप के माध्यम से स्लोगन/निबन्ध/चित्र प्राप्त करेंगे तथा प्राप्त प्रविष्टियों में प्रत्येक वर्ग में तीन–तीन सर्वश्रेष्ठ सामग्री का चयन कर संबंधित सीडीईओ को निर्धारित ई–मेल पर निर्धारित तिथि तक प्रेषित करेंगे।
- संबंधित सीडीईओ, प्राप्त समस्त स्लोगन/निबन्ध/चित्र का अपने स्तर पर मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ तीन प्रविष्टियों का चयन कर इस कार्यालय के **ई–मेल आईडी secondarydd35@gmail.com पर आवश्यक** रूप से निर्धारित तिथि तक प्रेषित करेंगे।

उक्त समस्त प्रतियोगिता हेतु प्रेषण तिथियां निम्नांकित रहेंगी–

प्रतियोगिता का नाम	विद्यार्थी द्वारा पीईईओ/विद्यालय के माध्यम से सीडीईओ को प्रविष्टि प्रेषण की अंतिम तिथि	सीडीईओ द्वारा निदेशालय को प्रविष्टि प्रेषण तिथि की अंतिम
स्लोगन प्रतियोगिता	10 मई 2021	12 मई 2021
चित्रकला प्रतियोगिता	19 मई 2021	21 मई 2021
निबन्ध प्रतियोगिता	25 मई 2021	27 मई 2021

समस्त स्तरों पर संबंधितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों की पालना सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करें।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त का प्रभावी प्रबोधन करते हुए पालना सुनिश्चित करावें।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय–माध्यमिक/प्रारंभिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
6. समस्त पीईईओ/संस्था प्रधान–राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय।
7. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर